श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांकः एफ.३/ला.ब.शा.रा.सं.वि./शै./२०२०-२१/ 2396 दिनांक 05-06-2020

कार्यालय आदेश

कोविड-2019 महामारी से उत्पन्न समस्या को संज्ञान में रखते हुये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा दिनांक 27.05.2020 को आयोजित विद्वत्परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार (विशिष्टाचार्य) एम.फिल. एवं (विद्यावारिधि) पीएच.डी पाठ्यक्रम के शोध छात्र/छात्राओं जिनकी पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु अधिकतम समय अवधि लॉकडाउन लागू होने के समय में समाप्त हो गई थी तथा सम्बन्धित शोध छात्र/छात्रा अपना लघु शोध प्रबन्ध/शोध प्रबन्ध जमा नहीं करवा सके, उन्हें निर्धारित समय अवधि समाप्ति की तिथि से छः माह की समय वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गई है ।

विद्वत्परिषद द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में सम्बन्धित शोध छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे छः माह की समय वृद्धि की अवधि के भीतर निर्धारित औपचारिकताओं को पूर्ण कर अपना लघुशोध प्रबंध / शोध प्रबंध शैक्षणिक विभाग में अग्रिम कार्यवाही हेतु जमा करवाने का कष्ट करें ।

यह आदेश सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है ।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपिः-

01. समस्त संकाय प्रमुख
02. समस्त विभागाध्यक्ष
03. समस्त विद्यावारिधि (पीएच.डी.)/विशिष्टाचार्य (एम.फिल.) छात्र/छात्राओं को सूचनार्थ
04. उप-कुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
05. निजी सचिव, कुलपति
06. निजी सचिव, कुलसचिव
07. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त आदेश को बेबसाइट पर प्रस्तुत करने का कष्ट करें ।
08. कार्यालय आदेश पंजिका
09. संबन्धित पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)